# री-केवायसी सामाजिक सुरक्षा संतृप्तीकरण शिविर आयोजित

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन: वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिंतामन जवासिया, ब्लाक उज्जैन में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों को री-केवायसी के महत्व के बारे में बताया। नियमित रूप से री-केवाइसी अपडेट कराना बैंकिंग लेन-देन की निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सीव कुमार बोसे,

- नागरिकों को री-केवायसी का महत्व बताया
- बीडीटी, बीमा क्लेम, पेंशन भुगतान के बारे में दी जानकारी

बैंक आफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण, आरबीआइ के एलडीओ राम नागर, मप्र ग्रामीण बैंक की मुख्य महाप्रबंधक रचना वर्मा, मप्र ग्रामीण बैंक की क्षेत्रीय प्रबंधक कविता चौहान, भारती स्टेट बैंक की क्षेत्रीय प्रबंधक रचना सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक बलराम बैरागी, बैंक आफ इंडिया के वित्तीय समावेशन विभाग के प्रभारी सरोज कुमार, पंजाब नेशनल बैंक डीआरएम पाटीदार, शाखा प्रबंधक आशीष यादव, मप्र ग्रामीण बैंक प्रबंधक गणेश शर्मा, बैंक आफ इंडिया की प्रबंधक हेमा गर्ग, केनरा बैंक के अंशुल गुप्ता सभी शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। शिविर में बीडीटी, बीमा क्लेम, पेंशन भुगतान के बारे में बताया।



री-केवायसी सामाजिक सुरक्षा संतृप्तिकरण शिविर के दौरान उपस्थित बैंक अधिकारी व अन्य। ● नईदुनिया